सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी।

पत्रांक–प॰नि॰3629 / 19 दिनांक–26.02.2019

सूचना

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय के प्राचार्यो को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की 2019 वर्षीय परीक्षा का आयोजन दिनांक 28.03.2019 से 09.04.2019 तक होना निश्चित है। इस सम्बन्ध में माननीय कुलाधिपति जी एवं श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश के आदेश तथा माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 02.02.2019 को विडियों कान्फ्रेसिंग में, उत्तर प्रदेश में लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों की वार्षिक परीक्षा दिनांक 10.04.2019 तक सम्पन्न करा लिये जाने का आदेश दिया गया है। महामहिम श्री राज्यपाल व माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये गये आदेश के अनुपालनार्थ विश्वविद्यालय की 2019 वर्षीय परीक्षा दिनांक 28.03.2019 से कराये जाने का समय–चक्र विश्वविद्यालय की बेवसाईट पर प्रदर्शित करते हुए समस्त सम्बन्धित कार्यवाही युद्ध स्तर पर करायी जा रही है। इसी क्रम में सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय के प्राचार्यगण से अनुरोध है कि छात्रों को परीक्षा आयोजन तिथि की उक्त सूचना देने के साथ ही परीक्षावेदनपत्र पूरित कराने, पूरित परीक्षावेदनपत्रों की प्रमाणित हार्ड कापी को विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा करने के लिये निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत बिना किसी तिथि / समय विस्तार की प्रत्याशा किये तत्परता पूर्वक कार्य सम्पन्न करें तथा यदि कोई पाठ्यकम अद्यतन अपूर्ण हो तो उसे अतिरिक्त कक्षाए चलाकर पूर्ण कर लें। विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र को नियमित करनें एवं महामहिम श्री राज्यपाल तथा माननीय मुख्यमंत्री जी के आदेश के अनुपालनार्थ आपका सहयोग नितान्त अपेक्षित है।

26.02.19

परीक्षा नियन्त्रक
सं॰सं॰वि॰वि॰वाराणसी

26/02/19